प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामैडिकल स्टाफ के खाली पद भरने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रदेश सरकार ने राज्य चयन आयोग को दीपावली से पहले 6 लंबित पोस्ट कोड के नतीजे घोषित करने को कहा।
- आकांक्षी ज़िला चम्बा में नीति आयोग का संपूर्णता अभियान संपन्न– 4 संकेतकों में हासिल किया सौ फीसदी लक्ष्य।
- प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है करवाचौथ का पर्व– सुहागिनों को चांद के दीदार का इंतज़ार।

मुख्यमंत्री

हमीरपुर ज़िले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के जोल सप्पड़ में डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नए परिसर का निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज इस महाविद्यालय के नए परिसर में 37 करोड़ रूपए से बनने वाले सभागार की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय को तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने उनके व्यक्तिगत अनुरोध के बाद मार्च 2014 को मंजूरी दी थी। इस पर राज्य सरकार 240 करोड़ रूपए खर्च कर चुकी है जबकि केन्द्र सरकार ने इसके लिए एक सौ 80 करोड़ रूपए आबंटित किए हैं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि कॉलेज का नया परिसर विश्वस्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामैडिकल स्टाफ से लैस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर मैडिकल कॉलेज में डॉक्टरों व नर्सों की नियुक्ति में अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामैडिकल स्टाफ के खाली पदों को भरने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

परीक्षा परिणाम

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने राज्य चयन आयोग को 6 लंबित पोस्ट कोड के नतीजे दीपावली से पहले घोषित करने को कहा है। आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने

सरकारी क्षेत्र में युवाओं को पारदर्शिता और योग्यता के आधार पर रोज़गार के अवसर प्रदान करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता...................

*राज्य सरकार ने सरकारी नौकरी का इंतज़ार कर रहे सैंकड़ों युवाओं को दीवाली का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य चयन आयोग को विभिन्न लंबित पोस्ट कोड के परिणाम दीवाली से पहले घोषित करने के निर्देश दिये हैं। इनमें पोस्ट कोड 9 सौ 3 और 9 सौ 39 जे. ओ.ए.आई.टी.,पोस्ट कोड 9 सौ 82 कॉपी होल्डर, पोस्ट कोड 9 सौ 92 व 9 सौ 97 वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर और पोस्ट कोड 9 सौ 94 साइक्लॉजिस्ट शामिल हैं। इनके माध्यम से सैंकड़ों युवाओं को सरकारी नौकरी मिलेगी। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने यह भी कहा कि मंत्रिमण्डल उप–समिति ने अब तक 21 लंबित पोस्ट कोड के परिणामों की घोषणा की अनुमति दी है, जिनमें से पोस्ट कोड 817, 999 और 969 के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शेष 12 पोस्ट कोड के परिणाम नवम्बर माह में घोषित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है और पुरानी पैंशन योजना बहाल करने के अलावा महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की वृद्धि व सभी कर्मचारियों और पैंशनरों को इस महीने के वेतन व पैंशन का भुगतान 28 अक्तूबर तक कर दिया जाएगा।*

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज तारादेवी बाईपास–मथोली संपर्क सड़क की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस सड़क से रामपुर क्योंथल पंचायत सहित आसपास के अन्य गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। लोक निर्माण मंत्री ने विभाग को इस सड़क के निर्माण की निविदा प्रक्रिया 20 दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। बाद में विक्रमादित्य सिंह ने मथोली में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में जनसुनवाई की और लोगों को समस्याओं के निपटारे का आश्वासन दिया।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन कर इनका श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद लोगों पर टैक्स का बोझ डालने और महंगाई बढ़ाने के अलावा कोई कार्य नहीं किया है। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर पत्रकारों को डराने व धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मीडिया पर अनैतिक दबाव डाल कर उसे झुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह तानाशाही पर आ गई है और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता को अपने निशाने पर ले रही है जो सही नहीं है।

सीएम भेंट

प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष सुशील शर्मा के नेतृत्व में प्रेस क्लब के एक प्रतिनिधिमण्डल ने आज हमीरपुर में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से भेंट कर पत्रकारों की मांगों को लेकर चर्चा की।

इस दौरान पत्रकारों ने प्रेस क्लब के लिए भूमि आबंटित करने और भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। सुशील शर्मा ने कहा कि बाहरी ज़िलों से आए पत्रकारों को शिमला की तर्ज पर हमीरपुर में भी सरकारी आवास उपलब्ध करवाए जाएं। मुख्यमंत्री ने इन दोनों मांगों को मानते हुए सरकार की ओर से जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों को विशेष सुविधाएं देने के लिए वचनबद्ध है और उन्हें पैंशन व अन्य सुविधाओं को लेकर ठोस कदम उठाने जा रही है। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि ज़िला स्तर पर पत्रकारों के मान्यता संबंधी नियमों को भी बदला जा रहा है।

पैंशन

इस बीच, हिम–आंचल पैंशनर्ज़ संघ के एक शिष्टमण्डल ने आज हमीरपुर में मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें पैंशनरों की विभिन्न मांगों से अवगत कराया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगराज शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री से पैंशनरों को महंगाई भत्ते की किश्त जारी करने, 75 वर्ष की आयु के पैंशनरों के संशोधित पैंशन का सौ फीसदी बकाया देने और दीपावली को देखते हुए सभी को पैंशन की अदायगी 28 अक्तूबर को करने की मांग की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पैंशनरों के लंबित आर्थिक मुद्दों को लेकर जागरूक है और बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने का मामला भी सरकार के विचाराधीन है।

आकांक्षी ज़िला

देश के आकांक्षी ज़िलों की सूची में शुमार चम्बा ज़िले में भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा चलाया गया संपूर्णता अभियान संपन्न हो गया है। ज़िले ने 6 संकेतकों में से 4 में सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि बच्चों को वैक्सीन लगाने, गर्भवती महिलाओं की जांच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने, स्कूलों में बिजली की व्यवस्था और किताबें वितरित करने का सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया है। उन्होंने कहा कि चम्बा ज़िले को आकांक्षी ज़िले की श्रेणी से बाहर निकालने के लिए कार्य किया जाएगा।

करवाचौथ

करवाचौथ का पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सुहागिनों ने अपने पति की खुशहाली और दीर्घायु के लिए उपवास रखा है और चंद्रमा पूजन के बाद उपवास तोड़ा जाएगा। करवाचौथ कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इसे लेकर आज प्रदेश के बाजारों में काफी भीड़ रही और महिलाओं ने हार श्रृंगार व अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर करवाचौथ को लेकर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

निशुल्क दवा

मुख्यमंत्री निशुल्क दवाई योजना के तहत शिमला ज़िले में इस वित्त वर्ष के दौरान अभी तक एक करोड़ 36 लाख रूपए की दवाईयां और सर्जिकल सामान वितरित किया जा चुका है। योजना के

माध्यम से मरीज़ों को मुफ्त दवाईयां और सर्जिकल सामान मुहैया करवाया जाता है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान ज़िले में लगभग 4 करोड़ रूपए की दवाईयां और सर्जिकल सामान खरीद कर अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों को वितरित किया गया था। उन्होंने बताया कि ये योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू की जा रही है।

वार्तालाप

पत्र सूचना ब्यूरो द्वारा 22 अक्तूबर को चम्बा में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया जाएगा। चम्बा ज़िला प्रशासन के सहयोग से आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी मीडिया के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश के सभी अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामैडिकल स्टाफ के खाली पद भरने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रदेश सरकार ने राज्य चयन आयोग को दीपावली से पहले 6 लंबित पोस्ट कोड के नतीजे घोषित करने को कहा।
- आकांक्षी ज़िला चम्बा में नीति आयोग का संपूर्णता अभियान संपन्न– 4 संकेतकों में हासिल किया सौ फीसदी लक्ष्य।
- प्रदेशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है करवाचौथ का पर्व– सुहागिनों को चांद के दीदार का इंतज़ार।